## एक नजर में



### मानव अधिकार आयोग अध्यक्ष पहुंचे बांदकपुर

**दमोह.** श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर के दर्शन करने पहुंचे अध्यक्ष, राज्य मानवाधिकार आयोग मप्र शासन व पूर्व प्रमुख सचिव मध्य प्रदेश विधानसभा अवधेश प्रताप सिंह. जहां उन्होंने श्री जागेश्वर नाथ धाम का पूजन किया. इस अवसर पर पंडित केदारनाथ दुबे, रामप्रताप जी,तहसीलदार आशुतोष गुप्ता, प्रीतम सिंह, राजेश निरीक्षक लक्ष्मण मिश्रा, थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय, चौकी प्रभारी राजेंद्र मिश्रा, पटवारी आशीष साहू, विक्रम धाकड़, प्रधान आरक्षक प्रकाश,यशपाल सिंह के अलावा और भी जन मौजूद रहे.

### हत्या करने के इरादे से बमबाजी, बचे दो भाई

**जबलपुर.** ग्रीन सिटी के पास पुरानी रंजिश को लेकर तीन शातिर बदमाशों ने दो सगे भाइयों पर जान से मारने की नियत से सुअरमार बम से हमला कर दिया. गनीमत रही कि समय रहते दोनों भाई झुक गए, जिससे बम बगल से गुजरकर फटा और उनकी जान बच गई. पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है. जानकारी के अनुसार, सचिन उपाध्याय (22) अपने बड़े भाई आलोक उपाध्याय के साथ मोटरसाइकिल से ग्रीन सिटी होते हुए घर लौट रहे थे. जैसे ही वे तालाब के किनारे पहुँचे, वहां पहले से घात लगाकर खड़े सूर्या मलिक, देबू और गौरव पटेल ने उन्हें रोक लिया.

### सब्जी मंडी में जा घुसी यात्री बस, 2 गंभीर

**शिवपुरी.** रविवार की दोपहर 12 बजे कोलारस नगर के जगतपुर चौराहे के पास बडे पुल के समीप स्थित सब्जी मंडी में बालाजी बस घुस गई. जिसमें ग्राहक के साथ एक सब्जी विक्रेता के घायल होने की खबर है. दोनो घायलो को गंभीर हालत मे शिवपुरी के जिला अस्पताल रेफर किया गया है. बस के ड्राइवर को अचानक से चक्कर आने के कारण यह हादसा हुआ है. अशोकनगर से शिवपुरी चलने वाली बालाजी बस क्रमांक एमपी 40 पी 0409 अशोकनगर से सवारियों को लेकर शिवपुरी आ रही थी. दोपहर करीब 12 बजे जब बस बड़ा पुल के पास जगत चौराहा क्षेत्र में पहुंची, तभी वह अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे स्थित सब्जी मार्केट में जा घुसी.

### एल्डरमैन सूची में नाम और पिता के नाम में गड़बड़ी

**रतलाम.** राज्य शासन द्वारा नगर परिषदों के लिए जारी एल्डरमैन सूची में रतलाम जिले से चौंकाने वाली विसंगतियां सामने आई हैं. सूची के परीक्षण में कई ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां एल्डरमैन के नाम, उनके पिता के नाम और सरनेम आपस में मेल नहीं खा रहे हैं, जिससे सूची की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े हो गए हैं. पिपलोदा नगर परिषद से जुड़े एक नाम को लेकर यह भी जानकारी सामने आई है कि संबंधित व्यक्ति स्थानीय निवासी न होकर अन्य क्षेत्र से जुड़ा बताया जा रहा है. स्थानीय प्रतिनिधित्व को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं.

# फर्जी सिम गिरोह का भंडाफोड़

## ऑपरेशन फेस : बड़ी कार्रवाई | एक ही चेहरे से सैकड़ों सिम एक्टिवेट, दो गिरफ्तार

**850** से अधिक फर्जी सिम का नेटवर्क उजागर

**340** सिम कार्ड एक ही चेहरे से कर दिए सक्रिय



**सिंगरौली, 29 मार्च. कोतवाली पुलिस ने 'ऑपरेशन फेस' के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए फर्जी सिम कार्ड एक्टिवेट करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है. पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है. यह कार्रवाई साइबर सेल से प्राप्त सूचना और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर की गई.**

जांच में सामने आया कि ग्राम कटौली निवासी अनिल कुमार रवानी, जो सिम बेचने का पीओएस संचालक ने एक ही व्यक्ति के चेहरे का उपयोग कर अलग-अलग नाम और पते से सैकड़ों सिम कार्ड फर्जी तरीके से एक्टिवेट किए. आरोपी ने अपनी माता उर्मिला रवानी के चेहरे की विभिन्न एंगल से फोटो लेकर करीब 340 सिम कार्ड सक्रिय किए, जबकि अन्य व्यक्तियों के चेहरों का उपयोग कर कुल लगभग 850 सिम कार्ड तैयार किए गए. इस कार्रवाई में निरीक्षक अशोक सिंह परिहार, उपनिरीक्षक उदय करिहार, उपनिरीक्षक पवन सिंह, उपनिरीक्षक शिवम सिंह, प्रधान आरक्षक लक्ष्मीकांत मिश्रा, अजीत सिंह, आशीष त्रिपाठी, आरक्षक अभिमन्यु उपाध्याय, प्रशांत केशरी, वीरन सिंह एवं नंदलाल यादव की सराहनीय भूमिका रही. पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुटी है और मामले की विस्तृत जांच जारी है.

> पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि इन सिम कार्डों में से 400 से 500 सिम आरोपी सिराज खान उर्फ शेरु को तथा 300 से 400 सिम अन्य व्यक्तियों को पैसों के लालच में बेच दिए गए. इन सिम कार्डों का उपयोग अवैध गतिविधियों में किए जाने की आशंका है. मामले में थाना बैढ़न में अपराध क्रमांक 348/2026 के तहत धारा 419, 468, 471, 34 भादवि, धारा 66(ष) आईटी एक्ट एवं धारा 42(3)(द्व) दूरसंचार अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है. पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अनिल कुमार रवानी और सिराज खान को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया है, जबकि अन्य आरोपी की तलाश जारी है.

# राघौगढ़ थाने के दो आरक्षक लाइन अटैच

**राघौगढ़, 29 मार्च. राम जन्मोत्सव के दौरान डीजे बजाने से रोकने और सोशल मीडिया पर डाली गई एक पोस्ट को लेकर पुलिस द्वारा 16 वर्षीय किशोर की बेरहमी से पिटाई का मामला गरमा गया है. इस घटना से आक्रोशित हिंदूवादी संगठनों और सैकड़ों नागरिकों ने राघौगढ़ थाने का 5 घंटे तक घेराव किया. मामला बढ़ता देख एसडीएम और एसडीओपी सहित भारी पुलिस बल मौके पर पहुँचा.**

परिजनों का आरोप है कि इस पोस्ट से नाराज होकर तीन पुलिस आरक्षक नीरज को थाने ले गए और वहां बेल्ट से उसकी बेरहमी से पिटाई की. युवक की हालत बिगड़ने पर उसे तत्काल स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जैसे ही किशोर की पिटाई की खबर फैली, बड़ी संख्या में लोग थाने के सामने जमा हो गए और दोषियों पर एफआईआर की मांग को लेकर अड़ गए. भीड़ के गुस्से को देखते हुए एसडीएम अमित सोनी, डिप्टी कलेक्टर और एसडीओपी दीपा डुडवे मौके पर पहुँचे. एसडीओपी दीपा डुडवे ने तत्काल प्रभाव से दो आरक्षकों देवेन्द्र नरूका और अजय सिकरवार को लाइन हाजिर कर दिया है.

> **क्या है पूरा मामला?**
> बीती रात श्री राम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य शोभायात्रा निकाली जा रही थी. मुख्य मार्ग पर शीतला माता मंदिर के पास श्रद्धालु डीजे के साथ आरती की तैयारी कर रहे थे, जिसे प्रशासन ने रुकवा दिया. इस कार्रवाई से नाराज होकर नीरज सैनी (16 वर्ष) नामक युवक ने इंस्टाग्राम पर एक रील (वीडियो) पोस्ट कर दी.

# 8 बीएमओ और 3 डॉक्टरों पर गिरी गाज

## कलेक्टर ने डॉक्टरों की लापरवाही पर वेतन काटा, वेतन वृद्धि रोकी

**छतरपुर, 29 मार्च. छतरपुर जिले में प्रशासनिक सख्ती का बड़ा उदाहरण सामने आया है. कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने स्वास्थ्य विभाग की लचर कार्यप्रणाली और डेटा एंट्री में मिल रही लगातार अनियमितताओं पर कड़ा रुख अपनाते हुए 8 ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर (बीएमओ) और 3 डॉक्टरों पर दंडात्मक कार्रवाई की है.**



इस कार्रवाई के तहत संबंधित अधिकारियों की वेतन कटौती और वेतन वृद्धि रोकने जैसे आदेश जारी किए गए हैं. हाल ही में जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं, पोर्टल एंट्री और विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई. बैठक में सामने आया कि कई ब्लॉकों में टीकाकरण, एनीमिया प्रबंधन और अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रमों का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं है. कलेक्टर ने 14-15 वर्ष की बालिकाओं के एचपीवी वैक्सीनेशन और गर्भवती महिलाओं में एनीमिया नियंत्रण की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई और अभियान को तेज करने के निर्देश दिए. नौगांव, राजनगर और बड़ामलहरा सहित कई ब्लॉकों के कमजोर प्रदर्शन पर कलेक्टर ने चेतावनी दी. बकस्वाहा, लवकुशनगर, ईशानगर सहित अन्य क्षेत्रों में डेटा एंट्री में लापरवाही, पोर्टल अपडेट न करने और लक्ष्य पूरा न करने पर संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई की गई है. साथ ही कुछ डॉक्टरों पर पीएम और एमएलसी रिपोर्ट में प्रगति न होने को लेकर भी दंडात्मक कदम उठाए गए.

> बैठक में कम उम्र में प्रसव और शिशु मृत्यु दर जैसे गंभीर मुद्दों पर भी चर्चा हुई. 18 वर्ष से कम आयु की गर्भवती महिलाओं के मामलों में सख्त निगरानी और जवाबदेही तय करने के निर्देश दिए गए. हालांकि, एसएनसीयू में मृत्यु दर में आई कमी को सकारात्मक बताते हुए कलेक्टर ने टीम के प्रयासों की सराहना भी की.

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी यू-विन और अन्य पोर्टलों पर तय समय सीमा में दर्ज की जाए तथा 48 घंटे के भीतर डेटा एंट्री सुनिश्चित की जाए. इसके अलावा एनसीडी स्क्रीनिंग, टीबी मुक्त अभियान और राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में 100 दिन की कार्ययोजना के तहत लक्ष्य हासिल करने पर जोर दिया गया.

### 50 लाख की ड्रग्स ले जाते 3 गिरफ्तार

**रतलाम.** जिले मे अवैध मादक पदार्थ तस्करो के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु पुलिस अधीक्षक रतलाम अमित कुमार (भा.पु.से.) के द्वारा सभी थाना प्रभारियो एवं चौकी प्रभारियो को निर्देशित किया गया. उक्त निर्देशो के पालन में रतलाम पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है. इसी क्रम में 500 ग्राम एमडी ड्रग्स कीमती करीब 50 लाख रूपये व एक एक बोलेरो पिकअप वाहन कीमती करीब 5 लाख रुपये. कुल मश्रुका करीब 55 लाख रुपये का जप्त हुआ है.

# दरिंदगी : सहेली ने पति से कराया युवती का रेप

## पुलिस ने पति-पत्नी समेत 4 को भेजा जेल

**गुना. जिला पुलिस ने महिला संबंधी अपराधों पर सख्त रुख अपनाते हुए दुष्कर्म के दो अलग-अलग मामलों में त्वरित कार्रवाई की है. कैंट थाना पुलिस ने दोनों प्रकरणों में तत्परता दिखाते हुए एक महिला सहित कुल चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है.**

पहला मामला कैंट के गुलाबगंज क्षेत्र का है. यहां एक 22 वर्षीय युवती के साथ दरिंदगी का सनसनीखेज मामला सामने आया है. पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई कि वह यास्मीन खान के साथ



पार्लर का काम सीखने जाती थी. करीब चार महीने पहले यास्मीन ने उसे काम के बहाने अपने घर बुलाया, जहां उसके पति शरीफ खान ने युवती के साथ जबरन दुष्कर्म किया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी. पीड़िता ने दावा किया है कि इसके बाद यास्मीन खान बदनामी का डर दिखाकर उसे शरीफ के पास कमरे में भेज देती थी और खुद बाहर पहरा देती थी. शनिवार शाम को भी शरीफ ने उसे धमकाकर घर बुलाया और जबरदस्ती करने लगा. युवती के विरोध और धक्का देने से शरीफ गिर गया, जिससे उसे चोट आई. इस दौरान यास्मीन और शरीफ का भाई मुवीन खान बाहर पहरा दे रहे थे.

# जब जन-जन जुड़ेगा, तभी जल बचेगा : देवड़ा

**जबलपुर, 29 मार्च. जल ही जीवन का आधार है और हमारे पारंपरिक जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करना वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है. जल संचयन और संरक्षण के माध्यम से ही हम आने वाली पीढियों को एक सुरक्षित और हरा-भरा भविष्य दे पाएंगे. जब जन-जन जुड़ेगा, तभी जल बचेगा. जल संरक्षण केवल अभियान नहीं, बल्कि एक पुनीत सामाजिक कर्तव्य है.**



यह बातें उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने जबलपुर प्रवास के दौरान शासन के महत्वाकांक्षी जल गंगा संवर्धन अभियान में सक्रिय सहभागिता करते हुए कहीं. ऐतिहासिक रानीताल तालाब पहुँचकर उन्होंने न केवल श्रमदान किया, बल्कि उपस्थित जनसमूह को जल स्त्रोतों के संरक्षण और उनके जीर्णोद्धार का संकल्प भी दिलाया.

अभियान के दौरान उपमुख्यमंत्री ने स्थानीय गणमान्यजनों, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ मिलकर तालाब परिसर की सफाई की. इस अवसर पर जनसमूह को संबोधित किया. उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा ने प्रदेश के नागरिकों से अपील की कि वे अपने आस-पास के नदी, तालाबों और कुओं को स्वच्छ रखने में अपना योगदान दें. उपमुख्यमंत्री देवड़ा ने सभी जनप्रतिनिधियों के साथ भंवरताल गार्डन पहुंचकर जल संरक्षण के लिए बनाये गये.



# यूजीसी लागू हुआ तो हो सकता है गृह युद्ध : यति नरसिंहानन्द

**ग्वालियर, 29 मार्च. जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर डासना पीठाधीश्वर यति नरसिंहानन्द गिरी ने अपने संत मंडल के साथ यहां संबोधित करते हुए कहा कि यूजीसी लागू हुआ तो गृह युद्ध हो सकता है. मप्र सरकार गोवंश की रक्षा नहीं कर पा रही है. भितरवार में खुलेआम धर्मांतरण हुआ.**

संतोष वर्मा ने खुलेआम कन्याओं का वीडियो का अपमान किया. देवी देवताओं का अपमान मप्र सरकार में हो रहा है. सनातन को विलुप्त करने का कार्य अनेक लोगों द्वारा किया जा रहा है. देश के सनातनियों को सावधान होकर सनातन धर्म की रक्षा के लिए आगे आना होगा और यूजीसी जब तक केंद्र सरकार वापस नहीं ले लेती तब तक संघर्ष करना पड़ेगा. इस अवसर पर महामंडलेश्वर का सम्मान शाल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह भेंट कर सकल ब्राह्मण महासमिति के संस्थापक डॉ.जयवीर भारद्वाज, अखिलेश पांडे, सुनील पटेरिया, धारा शर्मा, योगेंद्र दीक्षित, अशोक कुमार शर्मा, देवेंद्र कुमार पाठक, एच. बी. शर्मा, डॉ मुन्ना लाल शर्मा, कृष्ण बिहारी दुबे आदि ने किया. सकल ब्राह्मण महासमिति के द्वारा यह आयोजन तलवार वाले हनुमान मंदिर पर किया गया.

### भांडेर में ट्रक से कुचलकर गौवंश की मौत

**दतिया.** रविवार भांडेर कस्बे में एक दर्दनाक घटना हुई, तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाए जा रहे ट्रक ने एक गौवंश को कुचल दिया. हादसा सुबह नं. 1 स्कूल से बाजार जाने वाले रास्ते पर हुआ. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक चालक ने बैक करते समय गाय को टक्कर मारी, जिससे वह ट्रक के पहियों में फंस गई और करीब 100 फीट तक घसीटती चली गई.

# जनता का प्यार देखकर भावुक हूं : पवैया

## अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार ग्वालियर आए पवैया का स्वागत

**ग्वालियर, 29 मार्च. 'आज मुझे ग्वालियर की जनता का जो प्यार मिला है, उसे देखकर मैं भावुक हो गया हूं, ऐसा प्यार मुझे वर्ष 1993 में मिला था जब मैं बाबरी विध्वंस के बाद जेल से छूटने के उपरांत ग्वालियर आया था.' यह बात रविवार को वरिष्ठ भाजपा नेता जयभान सिंह पवैया ने मध्यप्रदेश वित्त आयोग का अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार ग्वालियर आगमन के दौरान रेलवे स्टेशन पर कही.**



रेलवे स्टेशन पर कार्यकर्ताओं ने पवैया का आतिशबाजी और बैंड बाजों के साथ भव्य स्वागत किया. इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री नारायण सिंह कुशवाह, भाजपा जिला अध्यक्ष जयप्रकाश राजोरिया, ग्रामीण के अध्यक्ष प्रेम सिंह राजपूत सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे. इस अवसर पर मप्र वित्त आयोग के अध्यक्ष पवैया का कहना था कि हम अटलजी और ठाकरेजी के संस्कारों में पले बढ़े हैं. उन्होंने इस बात को अपने लिए सौभाग्य बताया कि उन्हें किसी संवैधानिक पद पर अध्यक्ष जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली है. पवैया का ग्वालियर स्टेशन पर भव्य स्वागत किया गया. पवैया पदभार ग्रहण के उपरांत आज साँयकाल 5.30 बजे वन्दे भारत एक्सप्रेस से नई दिल्ली से ग्वालियर आये.

# अवैध शराब पकड़ी, दो गिरफ्तार

## 14 .68 लाख रुपए का माल जब्त

**जबलपुर, 29 मार्च. सिहोरा पुलिस ने एनएच-30 पर घेराबंदी कर पौड़ा से कटनी जा रही एक कार से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब जब्त की है. पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे करीब 14 लाख 68 हजार रुपये का माल बरामद किया है.**

थाना प्रभारी मार्को ने बताया कि सूचना मिली थी कि पौड़ा गांव की ओर से एक सफेद रंग की कार क्रमांक एमपी 21 जेड जी 7413 में अवैध शराब लोड कर दो तस्कर कटनी की ओर निकलने वाले हैं. सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने एनएच-30 रोड पर खुड़ावल मोड़ के पास जाल बिछाया. पुलिस ने कार को चारों तरफ से घेराबंदी कर उसे रोक लिया. कार की तलाशी लेने पर पुलिस की आंखें फटी रह गई. कार के अंदर 24 पेटी महंगी अंग्रेजी शराब भरी हुई थी. कार में मौजूद अभय सिंह उर्फ विवेक ठाकुर 31 वर्ष, ऐजाज अहमद 26 वर्ष दोनों निवासी भट्टा मोहल्ला, थाना रंगनाथ, जिला कटनी को गिरफ्तार किया गया.

**प्रयास** | रीवा में क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा भवन का किया लोकार्पण

# शिक्षा में गुणात्मक विकास आवश्यक : डिप्टी सीएम

**भोपाल, 29 मार्च. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि अधोसंरचना विकास के साथ-साथ शिक्षा में गुणात्मक विकास भी आवश्यक है. रीवा में शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में सुधार के सभी प्रयास जारी हैं. उनका उद्देश्य है कि रीवा के लोग उच्च शिक्षा और बेहतर इलाज के लिए बाहर न जाएँ.**



इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने लगभग 3 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा भवन का लोकार्पण किया. उन्होंने कहा कि प्रदेश में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में रीवा संभाग को आदर्श संभाग बनाना चाहिए. महाविद्यालय के प्राचार्यों का दायित्व है कि वे नवीन पाठ्यक्रमों के संचालन के लिए प्रयासरत रहें और प्राध्यापकों तथा विद्यार्थियों के साथ जीवंत संबंध बनाए रखें.

उप मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि अच्छा प्रशासक वही है जो जमीनी फीडबैक लेकर कार्य करे. यह भवन उच्च स्तरीय सुविधाओं से युक्त है और कार्यालय की बेहतर संरचना कार्य करने की इच्छा को बढ़ाती है. इस भवन के माध्यम से संभाग के सभी महाविद्यालयों के विकास और उच्च शिक्षा के गुणात्मक सुधार के प्रयास प्रभावी रूप से किए जा सकेंगे.

अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा डॉ. आरपी सिंह ने बताया कि भवन में सभी आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध हैं और इससे शासकीय, अशासकीय तथा अनुदान प्राप्त महाविद्यालयों पर नियंत्रण रखा जाएगा.

लोकार्पण से पहले उप मुख्यमंत्री ने विधि विधान से पूजन-अर्चन किया. इस अवसर पर आयुक्त रीवा संभाग बीएस जामोद, नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय, महाविद्यालयों के प्राचार्य, प्राध्यापक और विद्यार्थी उपस्थित रहे.

### पुस्तक मेले में कीमतों को लेकर अभिभावकों को शंका

**ग्वालियर.** शहर में आयोजित पुस्तक मेले में जहां एक ओर अभिभावकों की भीड़ और उत्साह देखने को मिल रहा है वहीं दूसरी ओर छूट के दावों को लेकर अब सवाल उठने लगे हैं। मेले में पुस्तकों और स्टेशनरी पर आकर्षक डिस्काउंट दिए जाने का प्रचार किया जा रहा है, लेकिन कुछ अभिभावकों के बीच यह चर्चा जोर पकड़ रही है कि क्या वास्तव में उन्हें वास्तविक छूट मिल रही है, या कीमतों में पहले ही बदलाव कर छूट का आभास दिया जा रहा है। कई अभिभावकों का कहना है कि कुछ स्टॉलों पर पुस्तकों के अधिकतम खुदरा मूल्य को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। ऐसे में यह सवाल खड़ा होना स्वाभाविक है कि क्या छूट पारदर्शी तरीके से दी जा रही है.

# सद्‌बुद्धि के लिए कांग्रेसी सुनें पीएम के मन की बात

## सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने कहा कि मन की बात विश्व में सर्वाधिक लोकप्रिय प्रसारण

**सीधी, 29 मार्च. लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का प्रसारण नपा परिषद के बार्ड 11 बूथ क्रमांक 251 में बूथ समिति के साथ सुनी. प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुनने के पश्चात मीडिया से रूबरू होते हुए लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री के मन की बात का प्रसारण विश्व का सर्वाधिक लोकप्रिय प्रसारण है.**



इस प्रसारण में देश की सामर्थ्य शक्ति का पता चलता है. अमेरिका खाड़ी देशों में युद्ध के रूप में मची खलबली पर कटाक्ष करते हुए सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा ने कहा कि कांग्रेसी इस आपदा में भी राजनैतिक रोटियाँ सेक रहे हैं. पेट्रोल डीजल व गैस को लेकर तरह-तरह की भ्रांतियां फैला रहे हैं, जबकि हमारे देश में डीजल, पेट्रोल एवं रसोई गैस की कोई कमी नहीं है. फिर भी कांग्रेसी भ्रम फैलाने का काम कर रहे हैं.

ऐसी दिग्भ्रमित कांग्रेस और उनके लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात को अवश्य सुनना चाहिए, उन्हें सद्बुद्धि प्राप्त होगी. सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा ने कहा कि हर एपिसोड नयापन लिए रहता है. जैसे इस एपिसोड की प्रमुख बातें हमारी प्राचीन धरोहर पांडुलिपियों का संरक्षण, खेलेगा इंडिया खिलेगा इंडिया, फिट इंडिया मुहिम, खाड़ी देशों में चल रहे युद्ध के संकट के बीच भारत की वैश्विक भूमिका सहित अनेक मुद्दों पर देशवासियों का ध्यान आकृष्ट कराया.